राष्ट्रीय सहारा

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 6 मार्च ● 2018

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

अंग्रेजी के पर्चे में बच्चों में बढ़ते गुस्से पर प्रश्न

औसत स्तर के परीक्षार्थियों को, लैंदी लगा पेपर

देशभर में शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं

नई दिल्ली (एसएनबी)। देशभर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं सोमवार को शुरू हो गई। बारहवी के परीक्षार्थी अंग्रेजी की परीक्षा में बैठे। परीक्षा में इस बार रोचक प्रश्न के तौर पर स्कूल में विद्यार्थियों में बढ़ते गुस्से को लेकर प्रश्न आया था। परीक्षार्थियों को इस विषय पर रिपोर्ट लिखनी थी, जो प्रश्न 10 अंकों का था।

बता दें कि हाल के रयान स्कूल में एक बच्चे द्वारा दूसरे बच्चे की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया था। इसी प्रकार यमुनानगर में बारहवीं के एक छात्र द्वारा स्कूल प्राचार्य की हत्या करने का भी मामला आया था। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की अंग्रेजी की शिक्षिका अंजु खुराना व रोहिणी स्थित माउंट आबू पब्लिक स्कूल की शिक्षिका त्रिपुरा मुलासी ने बताया कि परीक्षा काफी संतुलित थी और परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। वहीं दसवीं के परीक्षार्थियों की पहले दिन किसी मुख्य विषय की परीक्षा न होकर इंफो टेक्नोलॉजी आदि विषयों की परीक्षा हुई।

सीबीएसई की बारहवी के परीक्षार्थियों की अंग्रेजी विषय की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा कुल 100 अंकों की थी। अंग्रेजी विषय की सब्जेक्ट एक्सपर्ट अंजु खुराना ने बताया कि अंग्रेजी का पेपर तीन सेक्शन में बंटा था। पहले सेक्शन रीडिंग पैसेज का था और दूसरा सेक्शन राईटिंग सेक्शन का था, यह भी 30 अंकों का था। जबकि तीसरा सेक्शन लिट्रेचर से जुड़ा था और यह 40 अंकों का था। परीक्षार्थी सौम्या, अंशिका और मोहित ने बताया कि पेपर अच्छा हुआ और किसी सेक्शन में किसी तरह की दिक्कत नहीं थी। शिक्षिका ने बताया कि परीक्षा में औसत स्तर के परीक्षार्थियों को पेपर थोड़ा लैंदी लगा।